आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्र ने चौदह खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में की बढ़ोत्तरी, किसान क्रेडिट कार्ड ऋणों के लिए डेढ़ प्रतिशत ब्याज सहायता योजना को भी वर्तमान वित्त वर्ष के लिए बढ़ाया गया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल कानपुर में बीस हजार नौ सौ करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।
- राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के लिए कल से शुरू होगी ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया, चार जून तक है आवेदन करने का अवसर।
- आज से खोल दिया जाएगा लखनऊ का चिड़ियाघर और इटावा लायन सफारी, अभी बंद रहेंगे गोरखपुर और कानपुर के चिड़ियाघर।

**********

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में कहा कि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए यह वृद्धि की गई है।

**सीएसीपी की रिपोर्ट पर 2025–26 के खरीफ मार्केटिंग सीजन के लिए कैबिनेट में एमएसपी अप्रूव हुआ है। टोटल अमाउंट इसका दो लाख सात हजार करोड़ के आसपास का एस्टीमेट किया गया है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रतिबद्धता दिखाई है किसानों को उनकी कॉस्ट के ऊपर 50: मिनिमम मार्जिन मिले, उसका ध्यान रखा गया है। तो जितने भी क्रॉप से हर एक क्रॉप के लिए कॉस्ट प्लस 50:, इस चीज का ध्यान रखा गया है**

मंत्रिमंडल ने वर्तमान डेढ प्रतिशत ब्याज अनुदान के साथ वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के लिए संशोधित ब्याज अनुदान योजना को जारी रखने की भी मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

**चार परसेंट पर दो लाख रूपये तक का किसानों को कैपिटल मिले, वह ध्यान रखा गया है, इस स्कीम में। 7: नॉमिनल रेट है, उसमें 1.5: सब्वेंशन है और 3: है प्रॉन्प्ट रीपेमेंट इंसेंटिव। इफेक्टिवली जो निकला है, उसमें यह है कि करीब 4: पर किसानों को दो लाख रूपये तक का लोन मिलता है। 449 बैंक्स और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस, इस स्कीम में जुड़े हुए हैं।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के एमएसपी के बढ़ोत्तरी के निर्णय का स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह निर्णय समृद्ध किसान–सशक्त भारत की संकल्पना को पूरा करने में मिल का पत्थर साबित होगा। प्रदेश के किसानों ने भी कैबिनेट के फैसलों की सराहना की है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल कानपुर में करीब बीस हजार नौ सौ करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कानपुर पहुंचकर प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की और सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए।

**********

बारह जून तक चलने वाले भारत सरकार के पन्द्रह दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान का प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ स्थित लोक भवन से शुरूआत करेंगे। इस संबंध में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि यह अभियान राज्य के सभी पचहत्तर जनपदों मे चलेगा। इसके लिए दो सौ पचीस टीमें बनाई गयी हैं जो छह सौ पचहत्तर स्थानों पर जाकर तीन सत्रों में किसानों से संवाद करेंगी। कृषि मंत्री ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी आठ हजार एक सौ पैंतीस न्याय पंचायतों में कार्यक्रम होंगे। इस दौरान बारह हजार वैज्ञानिक किसानों के खेतों तक जाकर उन्हे महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेंगे।

**********

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल आज आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में गौतमबुद्ध कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास कर जनसभा को संबोधित करेंगे। इस संबंध में सांसद जगदम्बिका पाल ने कल कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस कन्वेंशन सेंटर का निर्माण तेईस करोड़ रुपये से किया जायेगा।

**भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के एनटीपीसी आरसी, पीएफसी तीनों पीएसयू ने मिलकर के तेईस करोड़ का गौतम बुद्धा कन्वेंशन सेंटर के नाम पे एक ऑडिटोरियम शिलान्यास करेंगे और ये पहला होगा पूर्वांचल का जो गौतम बुद्ध के नाम से ये गौतम बुद्ध कन्वेंशन सेंटर बनेगा। इससे जो तमाम बौद्ध देश के लोग हैं जब वो आएंगे तो बौद्ध से जुड़ी हुई उनके सिद्धांतों उनके शिक्षाओं पर उनकी प्रसंगिकता पे यहाँ पे गोष्ठिया कार्यक्रम का लाभ मिलेगा।**

**********

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान के सीमा पार आतंकवाद को उजागर कर रहा है। इंडोनेशिया, ग्रीस और अन्य देशों ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति का समर्थन किया है। एक रिपोर्ट–

**संजय झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने आसियान के महासचिव से भी मुलाकात की। महासचिव ने आतंकवाद के सभी रूपों और सभी कृत्यों की निंदा की। डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में एक अन्य सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का ग्रीस में एक ग्रीक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने स्वागत किया। बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सीनेट की विदेश मामलों और रक्षा समिति की अध्यक्ष स्टेफनिया क्रैक्सी के साथ बैठक की। आनंद कुमार की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

सांसद रविशंकर प्रसाद की अगुवाई में संसदीय शिष्टमंडल कल रोम पहुंचा था। वहीं कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में पनामा पहुंचे भारतीय शिष्टमंडल ने वहां की संसद की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा के साथ बैठक की।

**********

वार्षिक स्थानान्तरण नीति के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापकों की ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया कल से शुरू होगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को स्थानान्तरण के लिए मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से चार जून तक आवेदन करने का अवसर मिलेगा।

**********

गोरखपुर के चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू संक्रमण का मामला सामने आने के बाद प्रदेश के सभी चिड़ियाघरों को एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया था। लगातार निगरानी के बाद उन्हें अब खोला जा रहा है। इसी क्रम में दो सप्ताह से बंद लखनऊ के चिड़ियाघर और इटावा लायन सफारी को आज से खोल दिया जाएगा। प्रदेश की प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव अनुराधा वेमुरी ने बताया कि गोरखपुर और कानपुर के चिड़ियाघर अग्रिम आदेशों तक अभी बंद रहेंगे।

**********

महिला सशक्तिकरण की प्रतीक और न्यायप्रिय शासिका पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की तीन सौवीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में कल के विभिन्न जिलों में हुए आयोजनों में प्रदेश के कई मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही। कासगंज में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी, बांदा में नंदगोपाल गुप्ता नंदी, हरदोई में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण, इटावा में जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति, कौशाम्बी में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, औरैया में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला और हापुड़ में प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए।

**********

कोरिया में आयोजित छब्बीसवीं एशियाई एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में प्रदेश के रहने वाले खिलाड़ी नायब सूबेदार गुलवीर सिंह ने स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने दस हजार मीटर की दौड़ में यह उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए नायब सूबेदार को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पूरे प्रदेश और देश को नायब सूबेदार गुलवीर सिंह पर गर्व है।

**********

आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि है। इस अवसर पर एक सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह गांवों को समृद्ध और किसानों को सशक्त बनाने के लिए आजीवन समर्पित रहे।

**********